परवाह | by Shyam Salona

मुझे परवाह नहीं बाबा ज़माना क्या ये बोलेगा
अपने दिल के तराज़ू में तू ही मेरे भाव तोलेगा

हर कदम पे साथ है जब सांवरा
रंग दुनिया के सभी बेकार है
ज़िन्दगी जब है भरोसे श्याम के
कैसी भी हो नाव भव से पार है

मुझे परवाह नहीं बाबा ज़माना क्या ये बोलेगा
अपने दिल के तराज़ू में तू ही मेरे भाव तोलेगा
बरस रही तेरी कृपा की धार है
रंग दुनिया के सभी बेकार है
ज़िन्दगी जब है भरोसे श्याम के
कैसी भी हो नाव भव से पार है

कदम जब लड़खड़ाए थे श्याम तेरा सहारा था
तूने तक़दीर है बदली मैं तो किस्मत का मारा था
दास पर बाबा तेरा उपकार है
रंग दुनिया के सभी बेकार है
ज़िन्दगी जब है भरोसे श्याम के
कैसी भी हो नाव भव से पार है

मैं चिंता क्यों करूँ बाबा तेरी छाया में रहता है
नहीं कोई श्याम जैसा सोनी दुनिया से कहता हूँ
स्वर्ग से सुन्दर तेरा दरबार है
रंग दुनिया के सभी बेकार है
ज़िन्दगी जब है भरोसे श्याम के
कैसी भी हो नाव भव से पार है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a4%b0%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b9-by-shyam-salona/